कुलपति ने परखी परीक्षा संचालन की व्यवस्थाएं

पहली बार डिजिटल माध्यम से परीक्षा केन्द्रों को भेजे गए प्रश्न पत्र

यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं हुई प्रारम्भ

उत्तर भारत लाइव ब्यूरो
uttarbharatlive.com

देहरादून। वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाएं गुरूवार से हुई प्रारम्भ। गुरूवार से लॉ पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक सम्पादित हुई। वहीं बीटेक, फार्मेसी, मैनेजमेंट व होटल मैनेजमेंट की सेमेस्टर परीक्षाएं 16 जनवरी से प्रारम्भ होनी सुनिश्चित हुई है। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा कि विवि ने पहली बार डिजिटल माध्यम से इनक्रिप्टेड रूप में प्रश्न पत्रों को गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों तक समय पर सफलतापूर्वक ऑनलाइन पहुंचाने का कार्य किया है। साथ ही परीक्षार्थियों की ऑनलाईन उपस्थिति का रिकार्ड भी परीक्षा केन्द्रों से विवि को प्रेषित किये जाने की सुविधा के संबंध में भी कुलपति द्वारा जानकारी ली गयी जो कि विश्वविद्यालय को प्राप्त हो रही है। शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाने के दृष्टिगत नकल विहीन परीक्षा संचालन हो इसको परखने के लिए कुलपति द्वारा सुबह की पाली में सम्बद्ध विधि संस्थान जागरण स्कूल ऑफ लॉ व द्वितीय पाली में हरिद्वार रोड़ स्थित जगन्नाथ विश्व लॉ कालेज परीक्षा केन्द्र पर जा कर स्वयं परीक्षा संचालन की गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया ताकि ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ नकल विहीन परीक्षाओं का संचालन सम्पादन हो सके।

इस दौरान कुलपति द्वारा परीक्षा केन्द्र अध्यक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं कक्ष निरीक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं के संचालन व सम्पादन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

केन्द्रों पर उन्होंने परीक्षाओं के सफल संचालन एवं सम्पादन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्षों का केन्द्र अध्यक्ष व पर्यवेक्षकों द्वारा तत्परता से निरीक्षण किया जाय ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी अथवा लापरवाही किसी भी स्तर पर न हो पाये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त केन्द्र अध्यक्ष, पर्यवेक्षक व कक्ष निरीक्षक पूर्ण से पारदर्शिता के साथ नकल विहीन परीक्षाएं कराये जाने को उत्तरदायी है।